दिन– शुक्रवार दिनांक– 29 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने महिलाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए एक नई योजना को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को स्वीकृति दी गई। इसके तहत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। वित्तीय मदद की पहली किस्त में चुनी गई प्रत्येक महिला को अपना रोजगार शुरू करने के लिए दस हजार रूपये दिए जाएंगे। इच्छुक महिलाओं से आवेदन लेने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। ग्रामीण विकास विभाग, इस योजना की नोडल एजेंसी होगा, जबकि शहरी विकास और आवास मंत्रालय भी जरूरत पड़ने पर मदद देगा। अगले महीने से लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अगले चरण में रोजगार प्रारंभ करने के छह महीने बाद इनका मूल्यांकन किया जाएगा और अगर जरूरत पड़ी तो चुनी गई लाभार्थियों को दो लाख रूपये की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। राज्य में गांव से लेकर शहर तक महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए हाट बाजार विकसित किये जायेंगे।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि इस योजना के लागू होने से न केवल महिलाओं की स्थिति मजबूत होगी बल्कि उन्हें राज्य के भीतर रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य से पलायन रोकने में भी मदद मिलेगी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल की कड़ी निंदा की है। श्री कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विपक्ष की ओर से जिस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, वह बेहद अनुचित है और वह इसकी निंदा करते हैं। इस बीच, भाजपा ने इस मामले को लेकर दरभंगा और पटना में कई जगहों पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

———————————————————————————————

बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता आज से राजगीर में शुरू हो गयी है। भारतीय हॉकी के महानतम खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस और राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। प्रतियोगिता में भारत के अलावा जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल चौबीस मैच खेले जायेंगे। फाइनल मुकाबला सात सितम्बर को होगा। एशिया कप के उद्घाटन मैच में मलेशिया ने बांग्लादेश को चार–एक से पराजित किया। वहीं, दूसरे मैच में कोरिया ने चीनी ताईपे को एकतरफा मुकाबले में सात–शून्य से रौंद डाला।

———————————————————————————————

पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत आज अपना पहला मैच चीन के खिलाफ खेलेगा। यह मैच तीन बजे से शुरू होगा। रविवार को भारत का सामना जापान से होगा, जबकि सोमवार को भारत अपना अंतिम पूल मैच कजाखस्तान से साथ खेलेगा। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन प्रीत सिंह ने कहा कि पूरी टीम जीत की रणनीति के साथ उतरेगी।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुष हॉकी एशिया कप में भाग ले रही सभी टीमों, खिलाड़ियों, अधिकारियों और समर्थकों को शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह टूर्नामेंट रोमांचक और यादगार पलों से भरपूर होगा। उन्होंने बिहार की ओर से पुरुष हॉकी एशिया कप की मेजबानी करने पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि हाल के दिनों में, बिहार ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, एशिया रग्बी चैम्पियनशिप, सेपकटाकरा विश्व कप और महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जैसे प्रमुख टूर्नामेंटों की मेजबानी की है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर गति बिहार के बढ़ते बुनियादी ढांचे, जमीनी स्तर के उत्साह और विविध खेल विषयों में प्रतिभाओं को पोषित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

———————————————————————————————

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष उनतीस अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया

जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।